**सत्र : 2024-25**

**प्रश्न-पत्र की रूपरेखा**

**कक्षा : पाँच** **विषय : हिंदी (प्रथम भाषा)**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक (लिखित) = 80 अंक**

**आंतरिक मूल्यांकन == 20 अंक**

**नोट :**

- **05 अंक सुंदर एवं स्पष्ट लिखाई के निर्धारित किए गए हैं। अक्षरों एवं शब्दों के सामान्य आकार , अक्षरों की स्पष्टता , अक्षरों एवं शब्दों के बीच की निश्चित दूरी लिखने में एकसारता एवं प्रवाह युक्त लेखन आदि के आधार पर अध्यापक परीक्षार्थी की लिखाई का मूल्यांकन करेगा।**
- **प्रश्न पत्र में कुल 3 भाग होंगे (क, ख, ग) ।**
- **प्रश्न पत्र में कुल 10 प्रश्न होंगे।**
- **सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।**

**भाग - क**

**बहुविकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न : (10x2=20)**

**प्रश्न 1 : निम्न विषयों में से कोई 10 प्रश्न पूछे जाएंगे , सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे , प्रत्येक प्रश्न के दो अंक होंगे। अनेक शब्दों के लिए एक शब्द , मुहावरे , संज्ञा, सर्वनाम , क्रिया, क्रिया विशेषण की पहचान, शुद्ध-अशुद्ध शब्द पहचानना , अनेक शब्दों के लिए एक शब्द , लिंग बदलना , वचन बदलना , विलोम शब्द , पर्यायवाची शब्द बताना , किसने किसे कहा , शब्दार्थ , पाठ के आधार पर प्रश्न आदि ।**

**अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न :**

**प्रश्न 2 : पाठ्य पुस्तक में से 80-100 शब्दों का गद्यांश लिया जाएगा और उस पर आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे , तीन प्रश्नों के उत्तर गद्यांश में से ढूंढ कर लिखने के लिए होंगे अन्य दो प्रश्न कठिन शब्दों के अर्थ , रिक्त स्थान, विलोम शब्द , केंद्रीय भाव मूल भाव से संबंधित हो सकते हैं प्रत्येक प्रश्न के दो अंक होंगे। (5x2=10)**

**प्रश्न 3 : कोई भी चित्र (पाठ्य पुस्तक आधारित) /इश्तिहार (किसी प्रकार का भी हो सकता है जैसे दुकान में सेल, मेले का आमंत्रण, नौकरी के लिए कर्मचारियों की जरूरत आदि ) दिया जाएगा। इश्तिहार से संबंधित पाँच प्रश्न पूछे जाएंगे सभी प्रश्न दो अंकों के होंगे। (5x2=10)**

**भाग – ख** **पाठ्य पुस्तक**

**प्रश्न 4 : पाठ्य पुस्तक के गद्य भाग में से 7 लघु प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से 4 प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के 3 अंक होंगे। (4x3=12)**

**प्रश्न 5 : पाठ्य पुस्तक में से कोई दो कविताएँ दी जाएंगी जिस में से किसी एक कविता की पंक्तियाँ पूरी करने के लिए कहा जाएगा। (3x1=3)**

**प्रश्न 6 : इसमें हाँ/नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति अथवा सही /गलत अथवा मिलान कीजिए, प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से किसी भी प्रकार से निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है। ( 2 x 1=2)**

**भाग-ग**

**प्रश्न 7 : पाठ्य पुस्तक में से 5 मुहावरे दिए जाएंगे जिनमें से 3 के अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग करने के लिए कहा जाएगा प्रत्येक 1 अंक का होगा । ( 3 x 1=3)**

**प्रश्न 8 : कोई दो शब्द दिए जाएंगे जिसमें से किसी एक शब्द को दो विभिन्न वाक्य में प्रयोग करते हुए उनके भिन्न अर्थ स्पष्ट करने होंगे। ( 2 x 1=2)**

**भाग-घ**

**रचनात्मक लेखन**

**प्रश्न 9 : कोई तीन विकल्पों में से किसी एक विषय पर लेख लिखने के लिए कहा जाएगा ( 7 x 1=7)**

**प्रश्न 10 : कोई दो पत्र देकर उनमें से किसी एक पत्र को लिखने के लिए कहा जाएगा ( 6 x 1=6)**

**अथवा**

**निम्न कहानियों में से कोई दो कहानियाँ देते हुए उनमें से कोई एक कहानी लिखने के लिए कहा जाएगा।**

**कछुआ और खरगोश , चालाक लोमड़ी , दो बिल्लियाँ और बंदर, टोपी वाला बंदर।**